दिनांकः 14.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश में आठ करोड़ रोजगार सृजित–सरकार, कौशल विकास और रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्य की बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए प्रभारी मंत्रियों और सचिवों ने जिलों का किया दौरा–मुख्यमंत्री को देंगे रिपोर्ट।
- राज्य में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 28 लाख मामलों का हुआ निपटारा।
- प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर मॉनसून की अच्छी बारिश–अगले तीन दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान।

.............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन–चार सालों में देश में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं। इससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। मुंबई में, भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

.............

प्रधानमंत्री ने कहा है कि मीडिया को सरकार की लोक कल्याणकारी पहलों का बढ़ावा देने में सहयोग करना चाहिए। मुंबई में, इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी टावर्स के उद्घाटन समारोह में, उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल की दुनिया भर में सराहना की गई है और मीडिया इसे जन–आंदोलन बनाने में सहयोगी हो सकता है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए अगले 25 वर्षों की यात्रा में पत्र–पत्रिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

.............

प्रदेश की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिलों के प्रभारी मंत्री और सचिव प्रभार वाले जिलों के दौरों पर हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 12 जुलाई से शुरू हुए इन दौरों की रिपोर्ट सरकार को पेश की जाएगी। इस क्रम में कल भी कई जिलों में मंत्री और सचिव ने दौरे किये। झालावाड़ में प्रभारी सचिव डॉ. रवि जैन ने मिनी सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा–निर्देश दिये। नवगठित सलूम्बर जिले में जनजाति आयुक्त और जिला प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

हनुमानगढ़ में प्रभारी सचिव हरिमोहन मीणा, जालौर में विश्वमोहन शर्मा, बारां में हृदेश कुमार और जैसलमेर में गायत्री राठौड़ ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिये और संभावित परेशानियों के संबंध में फीडबैक लिया।

.............

खान और भूविज्ञान विभाग की सचिव आनन्दी ने कहा है कि विभागीय बजट घोषणाओं की रोडमैप बना कर मिशन मोड़ पर क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी। बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में उदयपुर में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनन क्षेत्र के सभी पहलूओं का समावेश करते हुए बजट घोषणाएं की गई है और इससे प्रदेश में खनिज खोज और खनन कार्य को नई दिशा मिलेंगी तथा राजस्व और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। खान सचिव ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में अधिकारियों को दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि सभी घोषणाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई तुरंत शुरु की जाएं।

.............

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के नवनियुक्त महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग ने कल बीकानेर से सटी भारत–पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों से चर्चा की। श्री गर्ग का 140वीं वाहिनी सीमा चौकी पर स्वागत किया गया। उन्हें चौकीयों की सुरक्षा और विषम भौगोलिक परिस्थितियों के संबंध में जानकारी दी गई। महानिरीक्षक ने जवानों का मनोबल बढाते हुए उनकी देश सेवा की प्रशंसा की।

.............

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में लगभग 27 लाख 85 हजार मुकदमों का निस्तारण किया गया। वहीं 15 सौ करोड़ रुपये से अधिक के अवॉर्ड जारी किए गए। इन मुकदमों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ अदालतों में कुल 514 बेंचों का गठन किया गया। हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ में पांच बेंच और जयपुर पीठ में चार बेंचों का गठन किया गया। प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पंकज भंडारी ने कहा कि हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में लाखों की संख्या में मुकदमे लंबित चल रहे हैं। ऐसे में लोक अदालतें इनके निस्तारण में बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछली लोक अदालत में अधीनस्थ अदालतों में लंबित करीब 13 फीसदी प्रकरणों का निस्तारण किया गया था।

.............

कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे विद्यार्थियों को अवसाद में आने और आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकने के लिए कोटा पुलिस, नवाचार करते हुए मोबाइल एप लॉन्च करने जा रही है। इसके लिए सेव अवर सॉल का कॉन्सेप्ट रखा गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि इस एप के जरिये कोचिंग कर रहे विद्यार्थियों को अवसाद की स्थिति में भावनात्मक सुरक्षा मिल सकेगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

.............

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आज विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए जयपुर और अजमेर में बनाए गये केन्द्रों पर दो पारियों में परीक्षा ली जा रही है। 9 पदों के लिए आयोजित की जा रही इस परीक्षा में 13 हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है।

.............

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर मॉनसून की बारिश होने से जलाशयों में पानी की आवक बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि तीन दिनों तक सभी संभागों के ज्यादातर स्थानों पर मॉनसून की गतिविधियां जारी रहेंगी।

.............

इस बीच, कोटा में बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन निचले इलाकों में बसी बस्तियों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों के साथ सिविल डिफेंस की ओर से इलाके में जागरुकता अभियान चलाकर समझाइश की जा रही है।

.............

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–20 क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का अंतिम मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे चार बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम इस श्रृंखला में पहले ही 3–1 की अजय बढ़त ले चुकी है। इससे पहले, कल चौथे टी–20 मैच में, भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 152 रन बनाये। भारत ने यह लक्ष्य 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। यशस्वी जयसवाल ने 93 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

.............

अमरनाथ दर्शन के लिए आज जम्मू के भगवती नगर आधार–शिविर से चार हजार आठ सौ 89 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से एक हजार आठ सौ 96 यात्री बालटाल आधार–शिविर के लिए और दो हजार नौ सौ 93 यात्री पहलगाम के लिए रवाना हुए।

.............